SURVEILLANCE AT AIRPORTS TO PREVENT THE SPREAD OF MYSTERIOUS DISEASE SEVERE ACUTE RESPIRATORY SYNDROME (SARS) IN THE COUNTRY

श्री मोती लाल वोरा (मध्य प्रदेश) : सभापति महोदय, रहस्यमय निमोनिया महामारी से निपटने के लिए केन्द्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यद्यपि महामारी की रोकथाम के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं और उन्हे गृह मंत्रालय की स्वीकृति के लिए भेजा है किन्तु इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बाहर से आने वाले यात्रियो को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्हे न तो अब तक मास्क और न ही हाथ-मोजे उपलब्ध कराए गए हैं। एयरपोर्ट के अधिकारियो को यह भी पता नहीं है कि यदि कोई यात्री बीमारी से ग्रसित हो तो उसे किस अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड मे भेजा जाना है। यद्यपि अब तक एक भी महामारी का केस नही पाया गया है लेकिन चिकित्सा की सुविधा एयरपोर्ट पर उपलब्ध नहीं कराई गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय को इस बारे मे और अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): Sir, I associate myself with this Special Mention.

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुईं]

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश) : महोदया, मैं अपने को इस स्पैशल मैंशन से सम्बद्ध करते हुए एक सुझाव देना चाहता हूं कि इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जो अधिकारी और आव्रजन अधिकारी तैनात हैं, उनके अलावा वहां कोई न कोई चिकित्सक चाहिए जो इस बीमारी की जांच कर सके। भारत सरकार ने घोषणा की है कि इस बीमारी को रोकने के लिए हर स्तर पर प्रयत्न किए जाएंगे लेकिन हमारे यहां स्वास्थ्य सुविधाएं जितनी बदहाली से ग्रस्त हैं, उसको देखते हुए अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह इसकी रोकथाम कर पाएगी। इस संबंध मे प्रभावी तौर पर अनुश्रवण करते हुए इसको देखने की आवश्यकता है तभी हम इस रोग की रोकथाम कर सकते हैं। इसलिए मैं भारत सरकार का ध्यान विशेष रूप से इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI O. RAJAGOPAL): Madam, with regard to the issue raised by many hon. Members, the Minister will be making a statement either today or tomorrow.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Minister of Health will be making a statement to this effect. When I came from abroad, I also saw that people were wearing the mask at the Bombay Airport. The authorities were also wearing the mask.